ओर विलायती बबूल होने के   को कटवाने की मांग की है।

व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित

कृषि क्षेत्र में रोजगार की दी जानकारी

कानोता. कार्यक्रम के दौरान मौजूद विधार्थी व अध्यापक।

कानोता @ पत्रिका. राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राजस्थान राज्य महिला नीति की गतिविधियों के तहत छात्राओं को सशक्त करने के क्रम में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके लिए यूको बैंक शाखा प्रबंधक तेजेंद्र मीना द्वारा छात्राओं को कृषि संबंधित ऋणों की उपलब्धता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। प्राचार्य डॉ. तौफीक हुसैन ने कृषि क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं के विषय में बताया व महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रियंका मीना ने कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों को अपनाने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया।